# रंजिश के चलते तीन युवकों को गोली मारकर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार

## मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 600 किलोमीटर पीछा करके आरोपी को दबोचा



**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना इलाके में गत दिनों पहले पुरानी रंजिश के चलते एक बदमाश ने तीन युवकों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और वारदात को अंजाम देकर लखनऊ भाग गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 600 किलोमीटर दूर उसका पीछा करते हुए उसे दबोच लिया। शातिर बदमाश ने जयपुर के समीप पहुंचते ही पुलिस कस्टडी से भागने का प्रयास किया। लेकिन वो अपनी योजना में सफल नहीं हो पाया और उसका पैर टूट गया। घायल अवस्था में पुलिस ने आरोपी को कांवटिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना इलाके में 24 जनवरी की रात को पुरानी रंजिश के चलते हन्नी सिंह उर्फ हनी बिहारी निवासी पीलीगंज पटना (बिहार) किराए पर कार से अपने साथी दीपक जाट व दो दोस्तों के साथ निकला था। देर रात बेनाड़ रोड पर बाइक सवार वैभव ओझा (27) व मुकुंद कुमावत (26) पर फायरिंग कर दी। जिसे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद शातिर बदमाश लखनऊ फरार हो गया था। जहां मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छह सौ किलोमीटर दूर दबिश देकर उसे दबोच लिया। आपसी रंजिश में की गई फायरिंग में वैभव ओझा के हाथ -पैर व मुकुंद कुमावत के हाथ में गोली लगी। इसी के साथ एक राहगीर सुरेश ढाका (28) के हाथ में गोली लगी थी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए कांवटिया अस्पताल में भर्ती कराया था।

■ **लखनऊ से जयपुर लाते समय आरोपी ने पुलिस कस्टडी से भागने का किया प्रयास, पैर टूटा**

पुलिस उपायुक्त जयपुर अमित कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जब उसे जयपुर लाया जा रहा था तो जयपुर के समीप पहुंचते ही आरोपी ने पुलिस कस्टडी से भागने का प्रयास किया। जिसमें उसका पैर टूट गया। घायल अवस्था में पुलिस ने आरोपी को कांवटिया अस्पताल भिजवाया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया।

# लाखों रुपए की साइबर ठगी करने वाले दो बदमाश दबोचे

## आरोपियों से ठगी में काम लिए जाने वाले 3 मोबाइल फोन, चार ए.टी.एम. कार्ड और 5 सिम बरामद

**जयपुर**। बजाज नगर पुलिस ने साइबर शील्ड अभियान के तहत साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर ठगों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ठगी के लाखों रुपए का लेनदेन के साक्ष्य समेंत ठगी के काम में लिए जाने वाले तीन मोबाइल फोन, 4 एटीएम कार्ड और 5 सिम बरामद की है। पुलिस आरोपियों से ठगी की वारदात के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस ने शील्ड अभियान के तहत के तहत पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। साइबर अभियान ने एनसीआरबी और डिजिटल स्त्रोतो और मुखबिरों की सूचना पर पर अभियान की शुरुआत करते हुए जगह-जगह पर दबिश देकर साइबर अपराध करने वाले मुरारी मीणा पुत्र आशाराम मीणा (19) निवासी गांव मण्डालिया, बनेठा,टोंक, हाल मुर्तिकला कॉलोनी जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड पर लिया जाकर ठगी वारदातो में संलिप्त अन्य अपराधियों के बारे जानकारी कर शेष अभियुक्त विकास मीणा पुत्र शरामस्वरूप मीणा (20) साल जाति मीणा निवासी गांव नया गांव थाना इंद्रगढ,टॉक हाल मुर्तिकला कॉलोनी जयपुर को गिरफतार किया है। जिसको आज न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड पर लिया गया।

आरोपित मुरारी मीणा व विकास मीणा द्वारा लोगो को आनलाईन ट्रेडिंग व ऑन लाई गेम खिलाने के लिए फर्जी आईडी बना कर पैसा डबल करने का झांसा देकर लोगो से फर्जी खाते में पैसे डलवा लेता है शुरु शुरु में तो छोटा मोटा मुनाफा देते है उसके बाद में जब पीडित बडी राशि लगा देता है तो उसके बाद में अभियुक्त मुरारी मीणा व विकास मीणा अपने मोबाईल फोनो को बन्द कर लेते है व पीडित के मोबाईल नम्बर को ब्लाक कर देते है। उक्त मुलिजम के पास मिले खातो मे बिहार, पश्चिम बंगाल, उतरप्रदेश,हैदराबाद, छतीसगढ आदि राज्यो में शिकायते दर्ज है। गिरफतारशुदा मुल्जिमान मुरारी मीणा व विकास मीणा के एक्सीस बैंक व बडौदा बैंक के खातों में ऑन लाईन ठगी करने की करीब 20,100 शिकायते प्राप्त हुई है।

# तीन लाख रु. के मोबाइल जब्त, दो बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर**। गलता गेट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को पकड़ा है और उसके पास से बीस चोरी के मोबाइल भी बरामद किए है। जिसकी बाजार कीमत तीन लाख रुपये है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने टीपी नगर, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट सहित अन्य स्थानों से चोरी करना कबूला है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले शातिर बदमाश हारून निवासी यूपी हाल गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 चोरी के मोबाइल जब्त किए है और साथ ही एक अन्य आरोपी फईम खान निवासी गलता गेट जयपुर को डिटेन कर उसके पास से आठ चोरी के मोबाइल जब्त किए है।

# पुलिस ने गुम हुए 39 मोबाइल ढूंढे

**जयपुर**। ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस ने इलाके में मोबाइल गुमशुदगी के गुम हुए मोबाइलों में से 39 मोबाइलों को सीईआईआर पोर्टल के जरिए ट्रेस करते हुए बरामद कर उनके असली मालिकों को थाने परिसर पर बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के थानों में आमजन के मोबाइल गुमशुदगी के प्रकरणों में "अपना मोबाइल अपने हाथ जयपुर कमिश्नरेट के साथ"कार्य योजना बनाकर उनकी ट्रेसिंग कर मोबाइल धारकों को सुपुर्द करने के लिए पुलिस टीम को विशेष टास्क दिया गया। इस पर ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस टीम ने पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाए जा रहे साइबर शील्ड अभियान के तहत सीईआईआर पोर्टल के जरिए 39 गुमशुदा मोबाइलों 39 को ट्रेस बरामद किया गया। साथ ही बरामद मोबाइल को परिसर में असल मोबाइल धारकों को आमंत्रित कर मोबाइल वापस लौटाए गए। वहीं बरामद किये गये मोबाइलों में अधिकतर महंगे और स्मार्टफोन है।

# 'जयपुरिया अस्पताल में वाहन पार्किंग का दुगुना शुल्क वसूल रहा ठेकेदार'


**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के सरकारी अस्पतालों में वाहन पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की खुली लूट मची हुई है। पार्किंग संचालक आमजन से दुगुना शुल्क वसूलकर मोटी कमाई करने में लगे है। यह पूरा खेल "कच्ची पर्चियों की आड़ में खेला जा रहा है, लेकिन अस्पताल प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है।

ताजा मामला जयपुरिया अस्पताल में सामने आया है, जहां वाहन पार्किंग का संचालन करने वाले ठेकेदार आमजन से दुपहिया वाहनों का शुल्क 10 रु. के बजाय 20 रुपये वसूल रहे है। इसी प्रकार चौपहिया वाहनों का शुल्क भी 20 रुपये के बजाय 50 से 100 रुपये तक लिया जा रहा है। यह पूरा खेल पार्किंग शुल्क की "कच्ची पर्चियों" पर खेला जा रहा है। पार्किंग ठेकेदार 10 रुपये की पर्चियां थमाकर लोगों से मनमाना शुल्क ले रहे हैं। अस्पताल प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के कारण लोगों को मजबूरन









यह पैसा चुकाना पड़ रहा है। लोग जब ज्यादा रकम देने से मना करते हैं तो पार्किंग संभालने वाले कर्मचारी उनसे बदत्तमीजी करते हैं और ऊंची पहुंच होने की धौंस जमाते है। शुक्रवार को एक पीड़ित युवक ने अपना दुपहिया वाहन जब अस्पताल की पार्किंग में खड़ा किया तो उससे भी इसी तरह 10 रुपये के बजाय 20 रुपये शुल्क लिया गया। युवक ने इलेक्ट्रिक मशीन की पर्ची मांगी तो पार्किंगकर्मी ने कच्ची पर्ची थमा ली और कहा कि यहां तो यही चलता है। इसके बाद युवक ने 20 रुपये का शुल्क ऑनलाइन भुगतान करते हुए इस पूरी अवैध वसूली का खुलासा किया। इस प्रकरण में जयपुरिया अस्पताल के अधीक्षक से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि, क्या अस्पताल प्रशासन की अनदेखी के कारण यह मनमानी हो रही है, या फिर ठेकेदार को किसी की शह है।

# हथियार दिखाकर तोड़फोड़ व अपहरण करने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। महेश नगर थाना पुलिस ने बडी कार्रवाही करते हुए हथियार दिखाकर तोड़फोड़ व अपहरण एवं मारपीट कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल व पांच कारतूस समेंत एक स्कॉर्पियों गाड़ी बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पिस्टल किस से खरीदी इसके बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

दिगंत आनंद पुलिस आयुक्त दक्षिण ने बताया कि 28 जनवरी की रात्र को करीब 1 से 2 बजे के बीच त्रिवेणी पैट्रोल पंप गोपालपुरा बाईपास पर दो गुटो में झगड़ा हो गया। जिसके पश्चात एक पक्ष ने लाठी, डंडो व सरियों व पिस्टल दिखाकर मारपीट की और वहां खड़ी गाड़ी में जमकर तोड़फोड़ की। जिसमें कई व्यक्ति घायल हो गए। इस मामले में परिवादी प्रमोद मंडार ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरु की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व तकनिकी सहायत के आधार पर मारपीट व हथियार दिखाकर दहशत फैलाने वाले अमित जाट (22) प्रागपुरा,कोटपूतली हाल किराएदार कटेवा नगर, गुर्जर की थड़ी निवासी, नितेश यादव उर्फ नित्या (23) कोटपूतली चानदाली गांव हाल राधारानी बायज पीजी, कटेवा नगर गुर्जर की थड़ी निवासी, मीनू चौधरी (21) प्रागपुर, कोटपूतली हाल राधारानी बायज पीजी कटेवा नगर, गुर्जर की थड़ी निवासी, भरत राजपुरोहित (31) चावन्डिया ,मेडता सिटी नागौर हाल कीर्ति नगर, बजाज नगर निवासी, बंशी गुर्जर उर्फ बंटी (24) भोजपुरा, फागी निवासी को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।

■ **आरोपियों से एक पिस्टल, पांच कारतूस व स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद**

पुलिस ने आरोपियों के पास एक पिस्टल, पांच कारतूस व अपहरण की घटना के काम में ली जाने वाली स्कॉर्पियो गाड़ी को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायायल में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है।

# जे.डी.ए. ने ध्वस्त कीं पांच कॉलोनियां

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण ने निजी खातेदारी की 26 बीघा कृषि भूमि से पांच अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि सांगानेर में वाटिका से लाखना रोड पर 8 बीघा, ग्राम फतेहपुरा में 6 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। इसी प्रकार जोन-13 में ग्राम नायला से हटवाड़ा रोड पर 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर "नन्दनी विहार" तथा जोन-10 में ग्राम बल्लूपुरा केशव विद्यापीठ के पास जगदीश तांबी के फार्म हाउस में 5 बीघा कृषि भूमि पर "सत्यम एन्कलेव" के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। सभी जगह मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, बाउंड्रीवाल समेत कई निर्माण कर लिए गए थे, जिन्हें जेसीबी और मजदूरों की मदद से ध्वस्त किया। इन लोगों ने कृषि भूमि का ना तो भू-रूपांतरण कराया और ना ही कॉलोनी काटने की कोई परमिशन जेडीए प्रशासन से ली थी।

# गांजा-स्मैक की तस्करी में लिप्त 6 बदमाश गिरफ्तार



आरती | मीना सांसी | लच्छी देवी | सावित्री | मीरा | गोविन्द सिंह

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत शिप्रा पथ, मालपुरा गेट, सेज, सदर, गलता गेट और करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए छह प्रकरण दर्ज कर पांच महिलाओं सहित छह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 1.18 ग्राम, गांजा 507.09 ग्राम एवं बिक्री की राशि 14 हजार रुपये सहित एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया गया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी शिप्रा पथ,मालपुरा गेट, सेज, सदर,गलता गेट और करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए छह प्रकरण दर्ज कर आरती सांसी निवासी शिप्रापथ जयपुर,मीना सांसी निवासी मालपुरा गेट जयपुर, लच्छी देवी सांसी निवासी सेज,सावित्री सांसी निवासी सदर, मीरा सांसी निवासी झुंझुनूं और गोविंद सिंह शेखावत निवासी सीकर को गिरफ्तार किया है। अब उनसे पूछताछ की जा रही है।

# डिस्कॉम्स और टाटा पावर रिन्यूबल के बीच एम.ओ.यू.



**पीएम सूर्य घर नि:शुल्क बिजली योजना के लिए एम.ओ.यू. पर डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा और टाटा पावर रिन्यूबल के सीईओ एवं एमडी दीपेश नन्दा ने हस्ताक्षर किए।**

**जयपुर** (कासं)। पीएम सूर्य घर नि:शुल्क बिजली योजना को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों एवं टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी के बीच शुक्रवार को विद्युत भवन में एमओयू किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) आलोक की मौजूदगी में विद्युत कम्पनियों की ओर से चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा तथा टाटा पावर रिन्यूबल की तरफ से सीईओ एवं एमडी दीपेश नन्दा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने कहा कि प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना में बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। टाटा पावर के साथ इस साझेदारी से डिस्कॉम्स को इन रजिस्ट्रेशन को इंस्टालेशन में बदलने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आमजन को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली खर्च से उन्हें मुक्ति दिलाना है।

■ **'पीएम सूर्यघर में रजिस्ट्रेशन को इंस्टॉलेशन में बदलें'**

टाटा पावर रिन्यूबल के सीईओ एवं एमडी नन्दा ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना देश में आमजन को ऊर्जा दाता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। कंपनी प्रदेश में फैले अपने नेटवर्क के माध्यम से इस योजना में लोगों की भागीदारी बढ़ाने में सहायता करेगी। इस अवसर पर प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी, अजमेर डिस्कॉम के एमडी केपी वर्मा सहित टाटा पावर रिन्यूबल के अधिकारी भी मौजूद थे।

# बदमाश ने पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश की

**जयपुर**। संजय सर्किल थाना पुलिस ने करीब तीन दिन पहले डकैती की योजना बनाते हुए छह बदमाशों को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक शातिर बदमाश ने टॉयलेट जाने के बाहने पुलिस हेड कांस्टेबल को धक्का देकर भाग निकला। जैसे ही वो दीवार से कूदा तो उसका पैर टूट गया। घायल अवस्था में उसे कांवटिया अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसका उपचार कर वापस सलाखों के पीछे डाल दिया।

थानाधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि थाना इलाके में तीन दिन पहले डकैती की योजना बनाते हुए पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी मुमताज अली (21) निवासी कटिहार बिहार हाल शास्त्री नगर ने टॉयलेट जाने के लिए कहा। इस पर हेड कांस्टेबल ने उसे शौचालय ले जाने के लिए हवालात से बाहर निकाला। तभी मुमताज अली हेड कांस्टेबल को धक्का मार कर भाग निकला। हेड कांस्टेबल के शोर मचाने पर अन्य जवानों ने आरोपी का पीछा भी किया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर शातिर बदमाश भागने में कामयाब हो गया। पुलिस के सर्च ऑपरेशन के दौरान खेतड़ी हाउस पर मुमताज अली के होने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दबिश दी तो आरोपी मुमताज ने पुलिस को आता देख दीवार कूदकर भागने का प्रयास किया। लेकिन दीवार कूदने से उसका पैर टूट गया।

# "सहकार से समृद्धि" कार्यक्रम अभियान की तरह क्रियान्वित करें : मंजू राजपाल

**जयपुर**। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में वर्ष पर्यंत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस में सहकारिता विभाग और सहकारी संस्थाओं की अच्छी छवि का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा की जा रही कवायद का लाभ किसानों, सहकारी संस्थाओं के सदस्यों और सहकारी संस्थाओं तक बेहतर रूप में पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए।

राजपाल शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष, 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के सम्बन्ध में आमुखीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अपेक्स कमेटी, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कमेटी और जिला कलक्टर्स की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटियों का गठन किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित करवाकर राज्य स्तर से जारी एसओपी के अनुसार जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का कैलेण्डर तैयार कर आयोजनों की अविलम्ब शुरूआत की जाए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा



**सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन में अफसरों की बैठक ली।**

कि जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाली गतिविधियों में उस जिले से सम्बन्धित महत्वपूर्ण अवसरों का ध्यान रखा जाए। प्रत्येक माह एक बड़ी गतिविधि के साथ ही अन्य सारगर्भित गतिविधियों का आयोजन पाक्षिक तौर पर किया जाए।राजपाल ने कहा कि आमजन में जागरूकता के लिए प्रभात फेरी, रथ यात्रा, प्रदर्शनी,वृक्षारोपण आदि के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने आयोजनों में महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं, राजस्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री बाबत आयोजित किये जाने वाले शिविरों के संबंध में प्रमुख सचिव ने कहा कि यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है, जिसका समुचित उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन शिविरों में जीएसएस गठन के सर्वे कार्य का सम्पादन, नये सदस्य बनाना, नैफेड और एनसीसीएफ पोर्टल पर कृषकों का पंजीयन, सहकारिता स्कीम्स की जानकारी देना, म्हारो खातो, म्हारो बैंक कार्यक्रम के तहत नये खाते खोलना, डेयरी के खाते खोलना और सीएससी सेवाओं की जानकारी देना आदि कार्य किए जाएं। आमुखीकरण कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक संजय पाठक, राज्य भूमि विकास बैंक के प्रबंध संचालक जितेन्द्र प्रसाद, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (मानव संसाधन विकास) भोमाराम और अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) संदीप खण्डेलवाल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

## सार-समाचार

### रक्त तस्करी पर दिखाया कड़ा रुख

**जयपुर**। राजस्थान के जयपुर सहित विभिन्न शहरों से लगातार ब्लड तस्करी की खबरों को लेकर ब्लड बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। सोसायटी ने प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्थान सरकार तथा निदेशक राजस्थान स्टेट ब्लड ट्रांस्फ्युजन कौंसिल सहित औषधि नियंत्रक संगठन को पत्र लिखकर ऐसे मामलों में ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट का कडाई से पालन कराने के साथ कुकुरमुत्ते की तरह खोले जा रहे स्टेंड अलोन ब्लड बैंकों और स्तरहीन शिविर आयोजकों पर लगाम कसने का सुझाव दिया है। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. वी पी गुप्ता ने कहा है कि सरकार को चाहिए कि रक्त दान शिविरों के आयोजन से लेकर रक्त संग्रहण करने वाले केन्द्रों और ब्लड बैंकों में एकत्र रक्त की अकाउण्टेविलिटी सुनिश्चित करावे। उन्होंने कहा कि चेरिटी संस्थानों के स्थान पर व्यापारिक दृष्टि से खोले जा रहे ब्लड बैंकों और उनसे जुडे रक्तदान शिविर संचालकों की मिलीभगत का ही यह परिणाम है कि प्रदेश में आए दिन रक्त की तस्करी का खेल देखने को मिल रहा है। सोसायटी के सेकेट्री डॉ. हिमांशु शर्मा का कहना है कि सरकार को चाहिए कि ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट की पालना सुनिश्चित कराई जावे, रक्त तस्करी के मामलों में दोषी पाए जाने वाले ब्लड बैंकों और शिविर संचालकों पर कडी कार्रवाई हो। नित नए स्टेंड अलोन ब्लड बैंकों के खोलने की प्रक्रिया , फुल टाइम मेडिकल डॉक्टर और एप्रूव्ड टेक्नीशियन्स की नियुक्ति सुनिश्चित की जावे और इसमें किसी भी स्तर पर मिलीभगत चाहे सरकारी या ग़ैर सरकारी, पर सख्ती से रोक लगे। ब्लड बैंक से ब्लड बैंक के लिए बल्क में ब्लड की सप्लाई के लिए नियमानुसार कौंसिल अथवा औषध नियंत्रक संगठन जैसी नियामक संस्थाओं की पूर्व अनुमति के साथ प्रोपर डॉक्युमेंटेशन हो। रक्तदान शिविरों में एकत्र किए गए रक्त की ब्लड बैंक्स में पूरी जांच होने के पश्चात ही ट्रांस्फर प्रक्रिया अपनाई जावे। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने अथवा अनियमितता की स्थिति में संबंधित ब्लड बैंक के एमओ (मेडिकल ऑफिसर) को जिम्मेदार मानते हुए कानूनी कार्रवाई की जावे। डॉ. हिमांशु शर्मा ने बताया इस संबंध में ब्लड बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के पदाधिकारी प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठोड तथा निदेशक राजस्थान स्टेट ब्लड ट्रांसफ्युजन कौंसिल शाइन अली से मिलेंगे और प्रदेश को रक्त की तस्करी के धंधे से मुक्त कराने के लिए आवश्यक ठोस कदम उठाने की मांग करेंगे।

### ओ.पी.नय्यर के संगीतबद्ध तराने गूंजे

**जयपुर**। संगीत आश्रम संस्थान की ओर से चल रहे दो दिवसीय संगीत समारोह के आखिरी दिन शुक्रवार को शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर बॉलीवुड के लेजेण्डरी संगीत निर्देशक ओपी नय्यर के संगीतबद्ध सदाबहार गीतों से गूंज उठा। सांस्कृति कार्यक्रम में संस्थान के अनेक बाल व युवा कलाकारों ने अपनी पुरकशिश आवाज में ओपी नय्यर के संगीतबद्ध गीतों की माला पिरोकर संगीत की मेलॉडी से श्रोताओं के दिलों को छू लिया। संगीत निर्देशक वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजे कार्यक्रम में कलाकार गर्विता मंगल ने इशारों इशारों में..., तन्विका दीक्षित ने आइए मेहराबा..., रियाशीं अग्रवाल ने जाने कहां मेरा जिगर..., वनिता हीरानी ने जाता कहां है..., अंजलि शर्मा ने ठंडी हवा काली घटा..., साधना रावल ने यही वो जगह है..., रजनी कुमावत ने चल अकेला..., हिमांशु वर्मा ने लाखों हैं यहां दिल वाले..., कशिश कंवर ने चैन से हमको..., पुष्पेन्द्रसिंह ने लाखों है निगाह में..., लक्ष्य शर्मा ने पुकारता चला हूं..., वरुण जांगिड़ ने आंचल में सजा..., सुमित्रा अग्रवाल व ममता शर्मा ने जाइए आप कहां जाएंगे..., निहाल कुमावत ने उड़े जब जब जुल्फे... जैसे गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी। इसी प्रकार जीनस कंवर ने दिल की आवाज भी सुन..., गुलाम हाशिम ने अंधेरे में जो..., भूमिका व भावना ने कजरा मुहब्बत वाला, मिंटु मंडल ने इक परदेसी मेरा...सरीखे गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विमर्श स्वामी, पीडी गुप्ता, हरिराम, राशिका कंवर, आरना, रुद्राक्ष, विरेन्द्र सिंह, सौरभ, जगदीश जीनगर, विमला शर्मा और गर्विता मंगल ने भी ओपी नय्यर के सदाबहार गीतों की खुशबू बिखेरी। अकॉर्डियन पर सुलेमान, गिटार पर वत्सल अनुपम, हारमोनियम पर हरीश नागौरी ने संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर**। गलता गेट थाना इलाके में एक युवक ने युवती को मिलने के बहाने बुलाया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर युवक ने उसे शादी का झांसा दिया और दो साल तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। दो साल बीत जाने के बाद युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर उसने थाने पहुंच आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि युवती का आरोप है कि वर्ष-2022 में उसकी मुलाकात आरोपी युवक से हुई थी। लगातार बातचीत होने के कारण दोनो में अच्छी दोस्ती हो गई। आरोपी युवक ने युवती को शादी करने का प्रस्ताव दिया। जिसके बाद आरोपी ने उसे मिलने के बहाने से बुलाया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद वो दो साल तक पीड़िता की आबरु से खेलता रहा। युवती ने दो साल बाद शादी का दबाव बनाया तो आरोपी युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरु कर दी है।

### सोने-चांदी जेवरात और नकदी चोरी

**जयपुर**। करणी विहार थाना इलाके में ऑटो रिक्शा में आए चार-पांच अज्ञात नकबजनों ने एक ज्वैलरी शॉप पर निशाना साधते हुए उसके शटर ऊंचा किया और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात नकबजनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि थाना इलाके में स्थित कमला नेहरू नगर धावास निवासी गिरधारी सोनी मामला दर्ज करवाया है कि कनक विहार में उसकी ज्वैलरी शॉप है। जहां बुधवार देर रात अज्ञात नकबजनों ने दूकान का शटर खींचकर ऊंचा किया और अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात और दो लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए। पीड़ित को वारदात की जानकारी गुरुवार सुबह शॉप पर पहुंचने पर चली। जिसके बाद उसने दूकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज देखे तो ज्ञात हुआ कि चार-पांच अज्ञात नकबजन ऑटो में बैठकर दूकान पर आए और चोरी कर फरार हो गए।